**आकाशवाणी शिमला**

**31.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प हो रह है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लोगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित सीनियर सिटीजन ओपीडी शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से आईजीएमसी शिमला सहित मेडिकल कॉलेज टांडा, हमीरपुर व नेरचौक और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपरस्पेशलिटी आयुर्विज्ञान चमियाणा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट अधोसंरचना स्थापित करने के लिए प्रत्येक संस्थान को पांच करोड़ रूपए देने की घोषणा की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य संस्थानों की अधोसंरचना में सुधार के साथ–साथ उच्च स्तरीय तकनीक व विशेषज्ञ रोगी देखभाल सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**नववर्ष बधाई**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष–2026 की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि नव वर्ष आशाओं, सकारात्मक सोच और एक मजबूत स्वस्थ व समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामुहिक संकल्प लेने का समय है। उन्होंने सभी से प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पण व सौहार्द के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नया साल सभी के जीवन में सुख शांति और स्मृद्धि लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 प्रदेश के लिए विकास और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों भरा रहा है और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों से नए साल में हिमाचल को स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी नववर्ष के उपलक्ष्य पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2026 की बधाई दी हैं।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला शहर में भीड़–भाड़ को कम करने उद्देश्य से राज्य सरकार जाठिया देवी के पास नया शहर बसाने जा रही है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि जाठिया देवी में प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप के लिए हिमुडा द्वारा 2 सौ 82 बीघा जमीन का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है। विक्रमादित्य सिंह ने आज उनसे मिलने आए स्थानीय प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पहले से अधिग्रहित भूमि पर ही काम किया जाएगा और रिहायशी क्षेत्रों या किसानों की उपजाऊ ज़मीन पर स्थानीय सहमति के बिना कोई कदम नही उठाया जाएगा। गौरतलब है कि जाठिया देवी में प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

**विपिन परमार**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार ने कहा है कि प्रदेश भर में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और इनमें करीब 40 हज़ार 5 सौ से अधिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश में जबरदस्त उत्साह, ऊर्जा और वैचारिक जोश देखने को मिला। विपिन परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विजन और विचारधारा को विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

**सीबीएसई–तिथियां**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा की है। सीबीएसई के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा जो पहले 3 मार्च को निर्धारित थी वे अब 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा की तिथि 3 मार्च के स्थान पर अब 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। बोर्ड ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से तिथियों में यह बदलाव किया गया है।

---